सफलता का कोई रहस्य नहीं है, वह केवल अत्यधिक परिश्रम चाहती है।

साप्ताहिक

नीमच हेडलाइन्स

डाक पंजीयन क्रमांक - मन्दसौर/407/2025-27 पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES

खबर वही, जो हम दिखाते है..

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा

प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

डाक पंजीयन क्रमांक - मन्दसौर/407/2025-27

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप्प, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 10 | नीमच, बुधवार 27 अगस्त से 2 सितम्बर 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5 ₹

न्यूज़ गैलेरी

नेता के घर से सट्टेबाजों की गिरफ्तारी के बाद अब थाना प्रभारी पर गाज, DCP ने किया सस्पेंड

इंदौर के खजराना थाना इलाके में 24 घंटे पहले पुलिस अफसरों के निर्देश पर बीजेपी के एक नेता के घर पर सट्टेबाजी में इस्तेमाल लाखों रुपये बरामद किए गए थे. इस मामले में शुक्रवार को इंदौर पुलिस ने खजराना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध मानते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया है. डीसीपी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है. बताया जा रहा है कि इस मामले में और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है. इंदौर के खजराना इलाके में बीजेपी के एक नेता के घर पर सट्टा खेला जा रहा था. इस मामले में थाना प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद सस्पेंड कर दिया गया है. पुलिस अधिकारियों के आदेश के बाद बीजेपी नेता के घर पर छापा मारा गया था, जिसमें बड़ी मात्रा में नगदी भी बरामद हुई थी.

जब्त किए गए थे 12 लाख रुपये

जोन 2 के सहायक पुलिस आयुक्त के निर्देश के बाद एक टीम बनाई गई थी, जिसने 22 मई को खजराना क्षेत्र के अशर्फी कॉलोनी में बड़े पैमाने पर खेला जा रहा सट्टा पकड़ा था. इस मामले में खजराना थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई थी.. बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर यहां सट्टा खेला जा रहा था और पुलिस टीम ने छह आरोपियों को गिरफ्तार करके करीब 12 लाख रुपए जब्त किए थे. सट्टेबाजों से आठ मोबाइल फोन और सट्टे की पर्ची के 9 बंडल जब्त किए थे. इतने बड़े पैमाने पर खजराना इलाके में सट्टा चल रहा था और थाना प्रभारी को खबर तक नहीं थी.

इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

इस मामले में सलीम मंसूरी और उसके लड़के आलम मंसूरी के घर पर सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णा लालचंदानी द्वारा सर्च वारंट प्राप्त कर दबिश दी गई थी. मौके पर 6 आरोपी सलीम मंसूरी, आलम मंसूरी, रईस खां, इरफान पटेल, यूसुफ खान और मुनव्वर को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों से कुल 11,77,500 रुपए नगदी, 8 मोबाइल फोन, 9 बंडल सट्टा रोल पर्ची जब्त की गई है. आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 419 और पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धार 3/4 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

पूरे देश में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को दिया जा रहा है बढ़ावा - कृषि मंत्री कंषाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि भारत सरकार का जैविक खेती पोर्टल अब तक 6 लाख किसानों को जोड़ चुका है, जिसका उद्देश्य किसानों को उनके जैविक उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराना है। इकोवा संस्था ने पिछले 21 वर्षों में करीब 3 लाख किसानों को प्रशिक्षण और उत्पाद प्रमाणीकरण से जोड़ा है। मंत्री श्री कंषाना भोपाल में सायाजी होटल में आयोजित इंटरनेशनल कॉम्पिटेंस सेंटर फॉर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर (इकोवा) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसानों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश और कर्नाटक से आए किसान भाई-बहन शामिल हुए।

रवि के इंद्र ने रचा मायाजाल, रेडक्रॉस सोसायटी के निर्वाचन का पर्दे के पीछे का कड़वा सत्य

लोकतंत्र की धज्जिया उड़ाकर देर शाम हुए मतदान, आधी रात में दिनभर की पूरी चुनावी प्रकिया हुई शून्य

मामला रेडक्रास चुनाव का

डेस्क-नीमच हेडलाइंस

नीमच। सतयुग मे सीता का हरण करने के लिए जिस तरह रावण ने साधु का वेश धारण करा ,उसी तरह वर्तमान में सत्ता का हरण करने के लिए कुछ लोगो ने संघ के स्वयंसेवक होने का स्वांग रचकर विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था, अपने बौद्धिकों के माध्यम से समाज को शुचिता सिद्धान्तो ,आदर्श कर्तव्यनिष्ठ होने की प्रेरणा देने वाले प्रचारको को हाइजेक कर लिया गया । इस सूची में समर्पण से अर्चना तक का सफर तय करने वाले सन्त भी है ,जो साधु के रूप में कालनेमी को नही पहचान पाए कि यहां संजीवनी बूटी लेने जाने से रोकने से कही ज्यादा उस संजीवनी बूटी को अपने कब्जे में करना है । नीमच रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव सिर्फ एक औपचारिकता थे । रेडक्रॉस सोसायटी के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होते हैं और कलेक्टर को पहले से ही समर्पण से सन्देश था कि रवि के इंद्र को चेयरमैन बनाना है। कलेक्टर व प्रशासन ने 22 लोगो की अंतिम सूची वाला प्लान ही समर्पण से आये सन्देश के बाद ही बनाया । प्रशासन की तो मजबूरी है कि समर्पण के सन्देश को मानना पर यहां सवाल ये उठता है कि समर्पण, अर्चना से रवि के इंद्र को चेयरमैन बनाने के लिए इतनी बेचैनी क्यो...? रवि का इंद्र बाल्यकाल से समर्पण की किसी संस्था से नही जुड़ा न उसके पिता ने कभी अर्चना की । रवि के इंद्र के पिता के डंडे ने जरूर आपातकाल में व कांग्रेस सरकार में कई समर्पण के भक्तो की अर्चना पूजा जमकर की ओर और वही दण्ड लेकर लेफ्ट राइट करते हुए रवि के इंद्र व वो दिखते है। सूत्रों से पता चला कि जिन भक्तो की अर्चना पूजा जमकर दंड से की गई वो जब समर्पण अर्चना में अपनी व्यथा बताने गए तो उनकी सुनवाई नहीं हुई और दण्ड चलाने का ईनाम विवेकानंद बाल कल्याण समिति में उपाध्यक्ष बनाकर दे दिया गया। नीमच में रवि के इंद्र का एक छत्र राज होने से इतना ख़ौफ़ है कि किसी मे सच बोलने की हिम्मत नही है कि सत्ता के हरण के लिए स्वयंसेवक होंने का स्वांग रचने वाले के पिता पुत्र के हाथ तो कार्यकताओ के अपमान रूपी कलंकित स्याही से रंगे है और सन्त रूपी समाजसेवक समर्पण में बाहर से आते हैं इसलिए सत्य से कोसो दूर रहते हैं, जो गाड़ी लेकर कार्यालय के बाहर जी हजूरी में खड़ा है, जो भोजन के लिए कही अच्छी जगह ले जा रहा है, जो मंहगे मोबाइल गाड़ी गिफ्ट कर रहा है वही सच्चा स्वयंसेवक है और बस यही से शुरुआत होती है कहानी की । अब इन सबसे इम्प्रेस होकर समपर्ण से सन्देश उतर गया ,नीमच कलेक्टर को और उस सन्देश में साथ मे अर्चना का मैसेज भी यही है, ये कहकर दबाव बना लिया रवि के इंद्र ने। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी नीमच दानदाताओ, सक्रिय सहयोगियों की सहभागिता एवं सेवाभावी सदस्यों की निष्ठा एवं समर्पण भाव से सेवा के क्षेत्र के लिए जानी जाती है पर इस पर रवि के इंद्र जैसे गिद्ध लोगो की नजर पड़ गई व उसको नोचने खसोटने की तैयारी करी और मोहरा बनाया समर्पण के अजेय को, उन्होंने भी गौर नही किया कि रवि का इंद्र असली शुद्ध खरा सोना है या सत्ता की रोटियां सेंकने के उद्देश्य से सत्ता के बाद शरण मे आया पीतल । 22 लोगो की अंतिम सूची से समपर्ण के अजेय ने अर्चना का नाम सहारा लेकर रवि के इंद्र को चेयरमैन बना ही लिया था पर लोकतंत्र के चतुर्थ स्तम्भ को भनक लगी और खेल बिगड़ गया। प्रशासन में मजबूरन सभी लोगो को चुनाव में भाग लेने का पत्र जारी कर दिया । रवि के इंद्र को गुमान था कि कुछ भी हो जाये चेयरमैन बन ही जाऊँगा इसलिए समपर्ण के अजेय को नीमच बुलवाकर कलेक्टर को सभी आपत्तियों को दरकिनार करवाकर निर्वाचन अपने हिसाब से करवाने के लिए तैयार किया। 25 अगस्त 2025 को निर्वाचन के दिन रवि के इंद्र स्वयं प्रबन्ध समिति का हिस्सा बन,निर्वाचन प्रक्रिया में भाग भी लिया ,वोट भी किया पर तब तक भी रवि के इंद्र को कोई आपत्ति करनी है ,याद नही आया पर जब मतदान हो गया, मतगणना के समय रवि के इंद्र को जब प्रशासन ने बताया कि आपका मोहरा जिसे आपने डमी चेयरमैन का चुनाव लड़वाया ,उसे 10 वोट भी नही मिल रहे है ,असली समाजसेवी व लोकतंत्र के चतुर्थ स्तम्भ के बीच दाल नही गलेगी तब रवि के इंद्र ने आनन फानन में समपर्ण का रुख किया और वहां जाकर अजेय योद्धा को गौर से सब बातें कही और पाँव पकड़ लिए । अजेय योद्धा को भी थोड़ा बहुत संविधान का लोकतंत्र का ज्ञान था और मतदान के बाद निर्वाचन रोकने के लिए अर्चना व समिधा दोनों जगह जवाब देना भारी पड़ जाता और सर्वविदित है कि समिधा व अर्चना से सीधे प्रशासन में चुनाव में हस्तक्षेप करने की अनुमति समर्पण के अजेय योद्धा को नही दी गई थी पर रवि के इंद्र ने कुछ ऐसा पाँसा फेका की अजेय को गौर करने पर मजबूर होना पड़ा । अब नीमच विधायक जी तो बजरंग दल से व पुराने संघी है इसलिए उन्हें तो पता है कि रवि के इंद्र व छत्र का पुराना रिकॉर्ड क्या है तो उन्होंने तो पचड़े में पड़ने से ही मना कर दिया । जावद वाले मठाधीश तो स्वयं के विवेक व बुद्धिमता के कारण व अपनी कार्यशैली के कारण पूरे प्रदेश में जाने जाते है और लोकतंत्र का सम्मान भी करते हैं इसलिए उनसे अपेक्षा करना ही बेमानी था । अब चूंकि मनासा विधायक जी 2018 मे ही भाजपा में आये और 2018 में ही गणवेश धारण कर दण्ड लेकर पूरे बाजार में घूमे थे और उन्हें तो स्वयं को नही पता कि रवि का इंद्र और उसके छत्र का इतिहास क्या है ,और स्वयं के हिस्से मतदान के बाद मतगणना के समय निर्वाचन निरस्त कराने का श्रेय लेने का मौका कैसे गवाँ देते तो वो पूरे समर्पण के साथ भीड़ गए और अपने भिड़ने की कहानी भी उसी समय स्वयं फोन करके मीडिया तक पहुँचा दी । अब जब कलेक्टर जो रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष है, मतगणना के समय निर्वाचन रदद् करने के आदेश को कैसे प्रचलन में लाये, तब कलेक्टर ने अपनी व्यथा समपर्ण में बताइ और जिसके सर पर रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन का सेहरा बंधना था, उसी के सर पर आपत्ति रूपी स्थगन के आदेश का ठीकरा भी फोड़ा गया । और आखिरकार संविधान में प्रदत्त अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी प्रशासन ने पूरे मनोयोग से किया व हजुरिये की तरह समपर्ण के आदेश का पालन बड़े ही गोर से किया नही तो अजेय अर्चना व समिधा से स्थानांतरण आदेश का फेक्स नीमच कलेक्टर कार्यालय को उतरवा देते । और इस तरह भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी नीमच के निर्वाचन राजनीतिकरण की नही समर्पण के अजेय के गोर करने के कारण रवि के इंद्र की पद की लालसा की भेंट चढ़ गए । लोकतंत्र का अपमान,प्रशासन की भूमिका विवादग्रस्त,निर्वाचन में धांधली ,राजनीतिक दबाव ये सब तो सिर्फ जुमले है, सच्चाई तो समपर्ण ही जाने।

15 दिनों से मदद के लिए तड़प रहे बेजुबान बीमार ऊंट को रतनगढ़ के समाज सेवियों की मदद से पहुंचाया गया ऊंट उपचार केंद्र सिरोही

ब्यूरो रिपोर्ट -निर्मल मूंदड़ा

रतनगढ़। डिकैन एवं रतनगढ़ के बीच स्थित बरैखन गौशाला के पास पिछले 15 दिनों से एक निराश्रित ऊंट भूखा प्यासा बीमार अवस्था में पड़ा हुआ था। और किसी गंभीर बीमारी की वजह से वह अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पा रहा था। गौ रक्षा दल के पदाधिकारीयो गुलाबचंद प्रजापत एवं अनिल प्रजापत के द्वारा अपने साथियों की मदद से पिछले 15 दिनों से लगातार बीमार ऊंट की पशु चिकित्सक लोकेश पाटीदार के सहयोग से खाने-पीने व दवाइयो की व्यवस्था के साथ ही पूरी देखभाल की जा रही थी।वन विभाग के द्वारा यह वन्य जीव हमारे विभाग में नही आता कह कर इतिश्री कर ली गई।तो वही पशुपालन विभाग के द्वारा इसके ईलाज के लिए पाली जिले के सिरोही स्थित गो उपचार केंद्र पर ईलाज के लिए भिजवाने व भर्ती कराने के लिए फंड नही होने की बात कह कर स्थानीय चिकीत्सको को भिजवा कर ऊंट का प्राथमिक ऊपचार करवा कर इतिश्री कर ली गई। इसके पश्चात बिमार निराश्रित ऊंट को पाली जिले मे स्थित महावीर ऊंट विहार उपचार केंद्र पर ईलाज हेतु भर्ती कराने के लिए स्थानीय नगर समस्या एवं सुझाव ग्रुप नाम के वाट्सएप ग्रुप के माद्यम से स्थानीय युवा समाजसेवी ओमप्रकाश बैरागी एवं गोरक्षा दल के द्वारा जन सहयोग की अपील के पश्चात आई जन सहयोग की रकम से निराश्रित बिमार ऊंट को एक किराए की ट्रक मे क्रेन के द्वारा बिठवाकर राजस्थान के सिरोही स्थित प्रसिद्ध ऊंट उपचार केंद्र पर सकुशल भिजवा कर भर्ती करवाया गया। इस पुनित सेवा कार्य में आर्थिक सहयोग कर्ताओ के साथ ही स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बीमार ऊंट को उपचार शाला पाली जिले में जाने के लिए व्यवस्था बनाने में अपना

भरपूर सहयोग प्रदान किया।जिसमें जिला पशु पालन विभाग के अधिकारी डॉक्टर राजेश पाटीदार, रतनगढ़ तहसीलदार बी.एल.डाबी, रतनगढ थाना प्रभारी वीरेंद्र झा, नगर परिषद सीएमओ खेमचंद मूसले, पुलिस आरक्षक व सूचना संकलन प्रभारी तेजकरण जोशी, बधावा पंचायत सचिव उमेश व्यास सहित स्थानीय पत्रकारो आदि के द्वारा भी व्यवस्था में भरपूर प्रशासनिक सहयोग प्रदान कर बैजूबान निराश्रित बिमार प्राणी ऊंट की मदद कर मानवियता की अनौखी मिसाल पेश की गई।इसके साथ ही लगातार 15 दिनों तक पशु चिकित्सक डॉक्टर लोकेश पाटीदार के द्वारा भी 24 घंटे बीमार ऊंट का बेहतर उपचार कर ठिक करने का पूरा प्रयास करने पर गौ रक्षा दल एवं स्थानीय समाज सेवायों ने धन्यवाद अर्पित किया।साथ ही रतनगढ़ पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर आरती रावत एवं घनश्याम बैरागी भी ऊंट की सेवा करने में पूरी मुस्तैदी के साथ डटे रहे।रविवार को प्रातःगौ रक्षा दल के मंगल ग्वाला के द्वारा ऊंट को सकुशल सुरक्षित राजस्थान के सिरोही स्थित महावीर ऊंट विहार उपचार केंद्र में भर्ती करवा दिया गया है।

पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा में स्व. नयन यूवी संतानी को दी श्रद्धांजलि

रेली निकालकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

ब्यूरो रिपोर्ट -लोकेंद्र फतनानी

नीमच। हमारे सिंधी समाज के होनहार नौजवान बालक के साथ जो हृदय विदारक घटना हुई है, उसकी विधर्मियों ने नृशंस हत्या की है, जो कि एक दुःखद संकेत है, दुःखद घटना है, स्कूल प्रशासन भी उसमें दोषी है, क्योंकि स्कूल प्रशासन ने भी उसका समय पर इलाज नहीं करवाया। हम और हमारा सम्पूर्ण सिंधी समाज इस घटना की निंदा करते हैं और नौजवान दिवंगत बालक के परिजनों को 1 करोड़ रुपए व परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाने की मांग करते हैं और इस दुःख की घड़ी में पूज्य सिंधी पंचायत नीमच हर संभव सहयोग के लिए शोकाकुल परिवार के साथ सदैव तत्पर साथ है। उक्त उद्गार पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष 'मुखी' ईश्वर आहूजा ने स्व.नयन (यूवी) संतानी को श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित करते हुए कहे। ज्ञातव्य के कि अहमदाबाद के 'सेवंथ डे एडवेंटस्टि स्कूल' में कक्षा 10वीं के सिंधी समाज के छात्र नयन (यूवी) संतानी की 8वीं के वर्ग विशेष के छात्रों ने चाकू मारकर गंभीर घायल कर दिया था, 20 अगस्त को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र की मृत्यु से परिवार व समाज में आक्रोश हैं। इसी संदर्भ में पूज्य सिंधी पंचायत, नीमच के तत्वावधान में समस्त धार्मिक, राजनीतिक एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ समाजजनों ने दिनांक 23 अगस्त 2025, शनिवार को प्रातः10 बजे स्थानीय सिंधी कॉलोनी स्थित शहिद हेमू कालाणी चौराहा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दिवंगत नयन संतानी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 28 सिंधी कॉलोनी के वार्ड पार्षद मनोहर मोटवानी (सभापति, लो.नि.वि नपा. नीमच) ने कहा कि सिंधी समाज को विधर्मियों द्वारा अक्सर दबाया जाता रहा है। इस तरह की घटनाऐ 1947 से सिंधी समाज के साथ होती आ रही हैं, क्योंकि सनातनी धर्म को माने वालो से नफरत करते हैं ये जेहादी लोग। सिंधी समाज काफी शान्ति प्रिय व्यापारी वर्ग के लोग हैं, जो काफी शान्ति एवं मेल मिलाप से रहते हैं। लेकिन जब बात समाज पर आती है या धर्म पर आती है तो, पूरे भारत में सारा सिंधी समाज एक साथ संगठित होकर खड़ा नजर आता है। सिंधी समाज किसी से दबने और डरने वाला नहीं। आज नयन को श्रद्धांजलि देने और उसके परिवार को सहयोग करने के लिए पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में हम सब यहां एकत्रित हुए हैं। हम सरकार से पर जोर मांग करते हैं कि विधर्मियों को फांसी दी जाए, विधर्मियों को सहयोग देने वालों को फांसी दी जाए, जिन्होंने समर्थन किया उन्हें भी सजा दी जाए, जब तक नयन को और उसके परिजनों को इंसाफ नहीं मिलता, तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में गजेंद्र चावला, चंद्रप्रकाश (मोमु) लालवानी, वैद्य राजकुमार मालानी, आनंदराम तलरेजा, केट संस्था के जिलाध्यक्ष दीपक आसानी, लक्ष्मी प्रेमाणि ने श्रद्धांजलि सभा ने अपने विचार व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष राजकुमार मंगनानी व विजय रोहिडा, कोषाध्यक्ष पुरन रामचंदानी व गोपाल मूलचंदानी, सह सचिव किशन अंदानी, रमेश केवलानी, टहलराम बहरवानी, रमेश बालानी, राजू रामनानी, भगवान दास प्रेमानी, सोनू लालवानी, दिव्या लालवानी, सिंधी समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात स्व. नयन(युवी) संतानी के जघन्य हत्याकांड के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने हेतु शहीद हेमू कालानी चौराहा से वाहन रेली प्रारंभ हुई, जो निर्धारित मार्ग कमल चौक से विजय टॉकीज, सीआरपीएफ रोड, गुरूद्वारा चौराहा, गोमाबाई होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर तहसीलदार संजय मालवीय को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन व ज्ञापन का वाचन पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव महेश वर्धानी ने किया और सचिव संतोष कोटवानी ने उपस्थित सभी को धन्यवाद प्रेषित कर, सभी का आभार व्यक्त किया।

विधायक - कलेक्टर ने अपने हाथों से मिट्टी के बनाए गणेश जी

नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश में माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत माटी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला प्रशासन नीमच द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय नीमच में मंगलवार को आयोजित कार्यकम में विधायक दिलीप सिह परिहार, न.पा.अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, जिला

पंचायत सीईओ अमन वैष्णव व वंदना खण्डेलवाल, पार्षदगणों व अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने लगभग 250 छात्र-छात्राओं के साथ मिट्टी के गणेश की प्रतिमाएं अपने हाथों से बनाई। आयोजित इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विरेनद्र सिह ठाकुर, गायत्री परिवार के गिरीराज सिह, योगेश प्रजापति, सुश्री हर्षिता सोनी ने विद्यार्थियों को माटी की गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया। अतिथियों और विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई माटी के गणेश कीप्रतिमाए वे अपने-अपने घर ले जाकर, गणेश चतुर्थी पर इन प्रतिमाओं को विराजित करेंगे।

सीएम. राइज भवन निर्माण में देरी से पालक संघ में आक्रोश जगदीश शर्मा ने दी आंदोलन की दी चेतावनी।

नीमच। पालक महासंघ पूरे प्रदेश में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के हितों के संरक्षण सस्ती -शिक्षा अच्छी -शिक्षा सबको -शिक्षा घर-घर शिक्षा के उद्देश्य को लेकर सदैव प्रयत्नशील है । इसी कड़ी में जिला मुख्यालय नीमच पर पालक संघ जिला इकाई नीमच समय-समय पर नीमच जिले में शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के संबंध में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन आदि के माध्यम से अवगत कराता रहा है । उक्त संबंध में पालक संघ जिला इकाई नीमच के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा एवं जिला सचिव श्रवण शर्मा "राज"द्वारा संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया गया कि नीमच जिला मुख्यालय पर तीन शिक्षण सत्र बीत जाने के बावजूद भी आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए शासन की महत्वाकांक्षी योजना सी .एम. राईज भवन निर्माण हेतु भूमिका चयन न होने के संबंध में कई बार ज्ञापन आदि देकर अवगत कराया जा चुका है बावजूद आज तक हमारे जिले के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के द्वारा शहर के मध्य आसपास उपयुक्त भूमि का अंतिम रूप से चयन न होना दुर्भाग्यपूर्ण है ।

हमीद शाह नीमच ब्लॉक -1 कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष बने

नीमच। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अलीम शेख नीमच जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तरुण बाहेती की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष हिदायत उल्लाह खान ने नीमच कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक ब्लॉक-1 के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अब्दुल हमीद शाह को नियुक्त कर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें ब्लॉक उपाध्यक्ष पद अतिक कुरैशी, एडवोकेट फरीद मंसूरी,शौकत खान,अयाज मोहम्मद खान, आसिफ हुसैन नबी टेलर ब्लॉक महामंत्री पद पर मोहम्मद एहसान खान टेलर,मोहम्मद निसार,रईस मंसूरी,शहजाद मंसूरी,मोहम्मद साबिर ब्लाक सचिव पद पर शहजाद शाह, जाहिद शाह ब्लॉक मीडिया प्रभारी के पद पर रेहान मसूदी, मोहम्मद नफीस लोहार ब्लॉक लीगल सेल प्रभारी एडवोकेट शराफत अली नियुक्त किए गए। कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ब्लॉक -1 कार्यकारिणी का गठन किए जाने पर सभी पदाधिकारियों ने वरिष्ठ कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया

मोबाइल ने बच्चों को फील्ड से दूर कर दिया

कृति के मेरा जीवन मेरे अनुभव में खेल गुरुओं ने कहा

नीमच। शहर की अग्रणी साहित्यिक,सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति द्वारा अपने नियमित कार्यक्रम मेरा जीवन, मेरे अनुभव में नीमच के खेल कोच, जिनके प्रशिक्षण में नीमच के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने योग्य बनाया, उनके अनुभव सुने। कृति के इस कार्यक्रम में हॉकी कोच इम्तियाज खान, जिम्नास्टिक कोच राजकुमार सिंह व तैराकी कोच प्रभु मूलचंदानी ने अपने अनुभव सुनाए।सभी कोच का मानना था कि मोबाइल ने बच्चों को फील्ड से दूर कर दिया है।किसी भी खिलाड़ी को कम से कम 2 घंटे तो रोज खेलने ही आवश्यक है। कार्यक्रम के आरंभ में कृति अध्यक्ष डॉ अक्षय पुरोहित ने कहा कि खेल गुरु वो दीपक होते हैं जो खुद जलकर अपने खिलाड़ियों के रूप में दूसरे को प्रकाश देते हैं। आज का यह कार्यक्रम नीमच के उन खेल कोच के परिश्रम समर्पण व साधना को नमन करने का एक प्रयास है।

इनका किया सम्मान

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर नीमच का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की कीर्तिराज सिंह चुंडावत (बास्केट बॉल), सिद्धांत सिंह जादौन (तैराकी), ख्याति अग्रवाल (तैराकी), नानक मूलचंदानी (तैराकी), प्रतीक सिंह भारद्वाज (तैराकी), दिव्यानी गंगवाल (बास्केट बॉल), खुशी पाल सिंह (बास्केटबॉल) को कृति कृति संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

टॉक शो की तरह हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम को टॉक शो की तरह आयोजित किया गया, जिसका संचालन संयुक्त रूप से सत्येन्द्र सिंह राठौड़ एवं डॉ साधना सेवक ने किया। अभार कृति सचिव कमलेश जायसवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कृति के किशोर जेवरिया, प्रकाश भट्ट, डॉ पृथ्वी सिंह वर्मा, डॉ माधुरी चौरसिया, मंजुला धीर, डॉ मीना हरित, राजेश जायसवाल, इंजीनियर बाबूलाल गौर, दर्शन सिंह गांधी, रघुनंदन पाराशर, डॉ राजेंद्र जायसवाल, गोपाल पोरवाल, शरद पाटीदार, कृति संस्था के सदस्यों के साथ ही बास्केट बॉल संघ, जिमनास्टिक संघ तथा तैराकी संघ के पदाधिकारी और अन्य लोग विशेष रूप से मौजूद रहे।

हर तरफ 'गणपति बप्पा मोरया' की गूंज, पीएम मोदी ने दीं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं;

गणेश चतुर्थी क्यों मनाई जाती है, गणेश चतुर्थी कहां मनाई जाती है, जानें गणेश चतुर्थी कहां का प्रमुख त्योहार है और इसका महत्व क्या है

गणेश चतुर्थी क्यों मनाई जाती है, गणेश चतुर्थी कहां मनाई जाती है हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन पर देशभर में भगवान गणेश के जन्म का उत्सव मनाया जाता है। इस पर्व को गणेश चतुर्थी कहा जाता है, इस साल गणेश चतुर्थी 27 अगस्त से शुरु होकर 6 सितंबर को समाप्त होगी। गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाने के पीछे कई पौराणिक कथाएं हैं, जिनमें गौरी पुत्र गणेशा के जन्मोत्सव का वर्णन किया गया है। देखें गणेश चतुर्थी क्यों मनाई जाती है, और गणेश चतुर्थी का पर्व प्रमुख तौर पर भारत के किस हिस्से में मनाया जाता है।

गणेश चतुर्थी क्यों मनाते हैं

गणेश चतुर्थी मनाने के पीछे मुख्य रूप से दो पौराणिक कथाएँ प्रचलित हैं। पहली कथा के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र के रूप में गणेश जी का अवतरण हुआ था। दूसरी और सर्वाधिक लोकप्रिय कथा भगवान गणेश के जन्म से जुड़ी है। कहानी है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने शरीर के उबटन से एक बालक का उत्पन्न किया था और उसे अपना द्वारपाल बनाकर खड़ा किया था। जब भगवान शिव वहाँ आए तो उस बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर क्रोधित शिव जी ने अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर धड़ से अलग कर दिया। यह देखकर पार्वती जी अत्यंत दुखी हुईं। उनके कहने पर भगवान शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर उस बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया और यह घोषणा की कि सर्वप्रथम इसी की पूजा की जाएगी। इस प्रकार गणेश जी 'प्रथम पूज्य' और 'विघ्नहर्ता' कहलाए। गणेश चतुर्थी उनके इसी अवतार दिवस के रूप में मनाई जाती है।

गणेश चतुर्थी का महत्व क्या है

गणेश चतुर्थी के पर्व को विनायक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। गणेश चतुर्थी प्रमुख हिंदू त्योहारों में से एक है, गणेश भगवान के जन्म का प्रतीक माने जाने वाले इस त्योहार को मनाने के कई महत्व हैं। पहला तो यही कि इस दिन भगवान श्री गणेश का जन्म हुआ था, जो बुद्धि, समृद्धि, शुभ भाग्य के देवता है। वहीं इस त्योहार को मनाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये बुराइयों को दूर करके ज्ञान और समृद्धि का स्वागत करने का प्रतीक भी है।

कहां मनाई जाती है गणेश चतुर्थी

गणेश चतुर्थी का त्योहार वैसे तो पूरे देश में ही अलग अलग अंदाज में भक्तिपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। लेकिन इसकी सबसे ज्यादा धूम महाराष्ट्र में देखने को मिलती है। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र का प्रमुख त्योहार माना जाता है। जिसे वहां के लोग बहुत ही दिव्य स्तर पर सार्वजनिक रूप से सेलिब्रेट करते हैं।

हिंदी भाषी मप्र से, देश भर में गुंजायमान होगा "भाषाई एकात्मता" का संदेशः उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार

नीमच। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में, प्रदेश के समस्त सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक हुई। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि देश के हृदय प्रदेश की संज्ञा से सुशोभित हिंदी भाषी मध्यप्रदेश, भारत की अनेकता में एकता की संस्कृति को चरितार्थ करते हुए एक नई पहल करने जा रहा है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में देश की सभी प्रमुख भाषाओं को सिखाने के लिए कोर्स कराए जाएंगे ताकि प्रदेश का युवा देश के किसी भी राज्य या क्षेत्र में जाए तो वहां के निवासियों से सहजता से संवाद कर सकें और एकरूप हो सकें। श्री परमार ने कहा कि हम इस नवाचार के माध्यम से सभी भाषाओं के प्रति अपना प्रेम संदेश भी प्रेषित करना चाहते हैं। श्री परमार ने कहा कि भारत अलग- अलग भाषाओं और बोलियों का देश है लेकिन इसकी आत्मा एक है। हमारा यह नवाचार, देश भर में भाषाई एकात्मता का संदेश देगा। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत 17 सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में, देश की विभिन्न भारतीय भाषाओं को सिखाने के लिए सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स अथवा क्रेडिट के साथ सामान्य पाठ्यक्रम में सम्मिलित करके, प्रारंभ किए जाने को लेकर व्यापक कार्ययोजना के साथ क्रियान्वयन करें। श्री परमार ने कहा कि समस्त विश्वविद्यालयों को भारतीय भाषाओं को सिखाने के लिए, भाषाएं आबंटित की गई हैं। प्रत्येक विश्वविद्यालय आवंटित भाषाओं को सिखाने के लिए कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करेंगे। इससे प्रदेश के विश्वविद्यालयों से, पूरे देश में भाषाई सौहार्दता का संदेश जाएगा। भाषाएं जोड़ने का काम करती हैं, तोड़ने का नहीं; यह व्यापक संदेश प्रदेश के उच्च शैक्षणिक संस्थानों से देश भर में गुंजायमान होगा।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश की उच्च शिक्षा को लेकर धारणाओं मे परिवर्तन आना चाहिए, इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों को उच्च शिक्षा को गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए निरंतर क्रियाशील रहना होगा। श्री परमार ने समस्त विश्वविद्यालयों से रिक्त पदों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक पदों में भर्ती की प्रक्रिया, रोस्टर के पालन के साथ नियमानुरूप शीघ्र करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने कहा कि विश्वविद्यालय को इकाई मानकर, रोस्टर का निर्धारण कर पदपूर्ति की प्रकिया पूर्ण करें और पदपूर्ति के लिए सभी विश्वविद्यालय शीघ्र विज्ञापन जारी करें। श्री परमार ने नकल पर नकेल कसने के लिए, उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन एवं डिजिटल सिक्योरिटी पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री परमार ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय परीक्षा एवं मूल्यांकन की पारदर्शिता के लिए डिजिटल मूल्यांकन को बढ़ावा दें और मेधावी विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं को अपने पोर्टल पर सार्वजनिक उपलब्ध कराए ताकि इससे अन्य विद्यार्थी प्रोत्साहित हों। श्री परमार ने विश्वविद्यालय परिसर को विद्यार्थी केन्द्रित एवं आकर्षक बनाने को भी कहा। विद्यार्थियों की अंकसूची एवं डिग्री की उपलब्धता, डिजिलॉकर में सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए।बैठक में मंत्री श्री परमार ने समस्त विश्वविद्यालयों के विविध कार्यों, गतिविधियों, संस्थागत आवश्यकताओं एवं कार्ययोजनाओं पर बिंदुवार विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विश्वविद्यालयों के रिक्त पदों पर भर्ती, उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन एवं डिजिटल सिक्योरिटी, भारतीय भाषा का अध्ययन एवं क्रेडिट से जोड़ना, अपार/स्वयं/समर्थ पोर्टल पर प्रगति, विभिन्न परियोजनाओं (वर्ल्ड बैंक/रुसा/राज्य) के अंतर्गत निर्माण कार्य, सेंटर फॉर एक्सीलेंस के अनुदान व्यय, विश्वविद्यालय परिसर को विद्यार्थी केंद्रित एवं आकर्षक बनाने की कार्ययोजना, छात्रावासों को सुविधायुक्त बनाए जाने की कार्ययोजना, सुदृढ़ वित्तीय एवं लेखांकन प्रणाली अपनाया जाना, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की गतिविधियां एवं मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी पुस्तक सहायता केंद्र में पुस्तकों की उपलब्धता एवं विक्रय को लेकर व्यापक विमर्श हुआ।

जावद पुलिस ने 120 कर से 80 किलो डोडाचुरा सहित जावद के आरोपी को किया गिरफ्तार

जावद। जावद थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा की टीम के द्वारा एक हुंडई कम्पनी की आई 20 कार से चार कट्टो में भरा कुल 80 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा सहित 01 आरोपी को पकड़ने मे सफलता प्राप्त की है। दिनांक 26.08.2025 को अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु पुलिस टीम द्वारा मोरका फंटा पर नाका बंदी लगाई गई थी। नाकाबंदी के दौरान एक हुंडई कम्पनी की आई 20 कार में 04 कट्टो में भरा 80 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानो का पालन करते हुए जप्त कर कार चालक रामप्रसाद पिता निर्भयराम धाकड उम्र 29 साल निवासी रायलाकुआ शास्त्री मार्ग जावद को मौके से गिरफतार कर गिरफतारशुदा आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस की धाराओं के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

राजनैतिक हस्तक्षेप और रेडक्रास सोसायटी चुनाव स्थगन : लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी

महेश पाटीदार एडवोकेट

नीमच। भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश मे किसी भी संस्था का स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन ही उसकी विश्वसनीयता की नींव होता है जब यह संस्था मानवीय सेवाओं, रक्तदान और जनकल्याण के कार्यों से जुड़ी हो तो उसकी निष्पक्षता और स्वतंत्रता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। रेड क्रॉस सोसाइटी , नीमच का चुनाव यदि राजनीतिक हस्तक्षेप से स्थगित हो जाए तो यह केवल एक संगठन का संकट नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी सीधा आघात है। लोकतंत्र , केवल चुनाव तक सीमित नहीं है यह उस व्यवस्था का नाम है जिसमें संस्थाएं राजनीतिक दबाव से मुक्त रहकर जनता की सेवा कर सकें। रेडक्रॉस जैसी संस्थाएं तब ही प्रभावी हो सकती है जब उसके निर्णय सेवा-भाव और निष्पक्षता पर आधारित हो न कि राजनीतिक लाभ हानि पर। लोकतंत्र की आत्मा स्वतंत्र संस्थाओं में बसती है, यदि उन्हें राजनीति की जकड़ में बांध दिया गया तो जनता का भरोसा टूटेगा और लोकतंत्र का स्वरूप खोखला हो जाएगा। रेडक्रॉस एक समिति है और समिति के चुनाव की नियम और प्रक्रिया है इन चुनाव के प्रारंभ से ही निष्पता का अभाव रहा है। आशा है भविष्य में होने वाले चुनाव में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता रहेगी।

ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन

नीमच। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के अंतर्गत गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन की अवधारणा है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किये जायें ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर हों। इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गौवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध-उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा।

मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण देकर जनअभियान परिषद ने किया अभिनव प्रयास

मंदसौर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन एवं कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जनअभियान परिषद द्वारा "माटी गणेश–सिद्ध गणेश अभियान" संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में पर्यावरण की शुद्धता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिला समन्वयक श्रीमती तृप्ति बैरागी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था, नवांकुर सखी तथा सीएमसीएलडीपी के छात्रों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया गया। साथ ही प्रतिभागियों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन घर पर ही करें, जिससे हमारे जल स्रोत प्रदूषित न हों। प्रतिमाओं को प्राकृतिक रंगों से सजाने पर जोर दिया गया तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक रंगों से निर्मित प्रतिमाओं का उपयोग न करने की अपील की गई। मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना एवं उनका घर पर ही विसर्जन कर जल–स्रोतों की शुद्धता एवं पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने हेतु सभी को प्रेरित किया गया।

जनसुनवाई के पश्चात अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

मंदसौर कलेक्टरेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनसुनवाई संपन्न होने के पश्चात नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने उपस्थित जिला अधिकारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अनुकूल जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शपथ ग्रहण करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग करने का संकल्प लिया। अपर कलेक्टर ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि यह परिवार और समाज के लिए भी अनेक समस्याओं का कारण बनता है। इसलिए सभी को नशामुक्ति अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना होगा।

विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति हेतु अब 2 सितम्बर तक कर सकेंगे आवेदन

नीमच। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति योजनांतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 2 सितम्बर 2025 कर दी गई है। इस योजना में स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि (पीएच.डी.) के लिए इंजीनियरिंग, प्योर साइंस, एप्लाइड साइंस, कृषि विज्ञान, मेडिकल, प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य, लेखा एवं वित्त, वानिकी, प्राकृतिक विज्ञान, विधि और मानविकी जैसे विषयों में छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। पीएच.डी. हेतु आवेदक का स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी अथवा 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना आवश्यक है, साथ ही न्यूनतम दो वर्ष का अध्यापन, शोध, व्यावसायिक अनुभव अथवा एम.फिल. उपाधि भी अनिवार्य है।

भादवी बीज पर भगवान बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

ब्यूरो रिपोर्ट -प्रदीप जैन

सिंगोली। भादवी बीज के पावन अवसर पर भक्तों ने भगवान बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। नगर के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित बाबा रामदेव जी के मंदिर पर जबरदस्त साज सज्जा की गई ओर दिनांक 25 अगस्त दोपहर 2 बजे भगवान बाबा रामदेव जी की पूजा अर्चना कर यही से भगवान की जोत ओर बेवाण के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जो खटीक मोहल्ला बापु बाजार विवेकानंद बाजार पुराना बस स्टैंड तिलस्वां चौराहा नया बस स्टैंड होते हुए पुनः बाबा रामदेव जी के मंदिर पर पहुंची। रास्तेभर नगर वासियों ने बाबा की जोत ओर बेवाण की पूजा अर्चना की शौभायात्रा में महिला पुरुष युवक युवतियां भजनो पर नाचते हुए चल रहे थे। क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने भी शौभायात्रा में भाग लेते हुए बाबा की जोत ओर बेवाण के दर्शन किए। तथा शौभायात्रा में शामिल सभी को भादवी बीज की शुभकामनाएं दी।

भजन संध्या का हुआ आयोजन :-

वार्ड क्रमांक 14 के समस्त मेघवंशी बलाई समाज एवं नव युवक मंडल द्वारा रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक दिनेश राठौर ने अपने मधुर भजनो की प्रस्तुति दी ओर लोगो का मन मोहा भजन संध्या में सुपरस्टार डांसर प्रियंका भीलवाड़ा एवं खुशबू मेवाड़ी ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी जिसे नगर वासियों ने खुब सराहा।

शौभायात्रा जब पुनः मंदिर पर पहुंची तो वहां बाबा की महाआरती की गई ओर प्रसाद वितरण किया गया।

सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों की प्रोफाईल पंजी संधारित की जाए- चंद्रा

ठिंगने एवं दुबले बच्चों और उनके अभिभावकों की आंगनवाड़ी केंद्रों में सुपोषण संबंधी काउंसलिंग होगी - अगले दो मंगल दिवस पर होगी काउंसलिंग

नीमच। जिले में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में ठिंगनेपन एवं दुबलेपन वाले सभी बच्चों और उनके अभिभावकों, माता-पिताओं की आंगनवाड़ी केंद्रों में अगले दो मंगल दिवस पर सुपोषण संबंधी काउंसलिंग की जाए। सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए एस.ओ.पी. बनाकर, उसका पालन करवाएं। टी.एच.आर.के परिवहन की व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ एवं बेहतर बनाए, जिससे कि आंगनवाड़ी केंद्रों में समय पर टेकहोम राशन की उपलब्धता हो सके। नाश्ता व भोजन प्रदान करने वाले स्व सहायता समूहों का लंबित भुगतान तत्काल जारी करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला पोषण समिति की बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी सीडीपीओ को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जिला कार्यक्रम सुश्री अंकिता पण्ड्या,सभी सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाईजर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारियों, सुपरवाईजरों को निर्देश दिए, कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रो में सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों की प्रोफाईल का रजीस्टर अनिवार्य रूप से संधारित किया जाना सुनिश्चित करें। इस पंजी में सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी सम्पूर्ण जानकारी, उपचार एवं फालोअप, एन.आर.सी. में भर्ती होने आदि समस्त जानकारी दर्ज की जाए। कलेक्टर ने सभी सेक्टर सुपर वाईजरों को निर्देश दिए, कि वे सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का सघन निरीक्षण करें। आंगनवाड़ी केंद्र समय पर खुले, कार्यकर्ता और सहायिका बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र लेकर आए। हर आंगनवाड़ी में बच्चों और उनकी माताओं की अच्छी उपस्थिति हो और उन्हें अच्छी गुणवत्ता का भोजन प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने कहा, कि आंगनवाड़ी केंद्रो में बच्चों की मेजरिंग का कार्य निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप हो। बैठक में कलेक्टर ने टी.एच.आर.वितरण में 60 प्रतिशत से कम प्रगति वाली सुपरवाईजर को कारण बताओं नोटिस जारी करने, निम्न प्रगति वाली चार सेक्टर सुपरवाईजर की दो-दो वेतनवृद्धि रोकनेतथा मनासा, जीरन व कुण्डालिया की सेक्टर सुपर वाईजर को अच्छी प्रगति पर प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश भी जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री आर.के.खद्योत, डी.ई.ओ.श्री एस.एम. मांगरिया, डीपीसी श्री दिलीप व्यास भी उपस्थित थे।

सांदीपनि विद्यालय गुर्जर बर्डिया के बच्चों ने बनाई मिट्टी के गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं

मंदसौर सांदीपनि विद्यालय गुर्जरबर्डिया में "मेरी माटी मेरा गणेश" थीम पर एक अभिनव और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा का संवर्धन करना रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विशेष पहल करते हुए अपने-अपने घर और खेतों से मिट्टी लाकर उसी मिट्टी से अपने हाथों से गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं। यह प्रक्रिया न केवल कला का अभ्यास रही बल्कि अपनी मातृभूमि की माटी के प्रति गहरा लगाव जगाने वाली रही। इस अवसर पर सभी बच्चों ने "मेरी माटी मेरा गणेश" अभियान के अंतर्गत प्रतिज्ञा ली कि वे भविष्य में केवल पर्यावरण हितैषी गणेश प्रतिमाओं का ही निर्माण और स्थापना करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने बालकों को प्रेरणादायी प्रसंगों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेश उत्सव को सामाजिक एकता और राष्ट्रजागरण का माध्यम बनाया था। विद्यालय परिवार का मानना है कि मिट्टी के गणेश बनाना एक ऐसा प्रयास है, जिससे प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सकता है। मिट्टी की ये प्रतिमाएं जल में आसानी से विलीन होकर धरती और जल को शुद्ध करती हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार की गई सभी गणेश प्रतिमाओं का प्रदर्शन आगामी गणेश उत्सव के अवसर पर विद्यालय परिसर में किया जाएगा। तत्पश्चात विद्यार्थी इन प्रतिमाओं को अपने घरों में ससम्मान स्थापित करेंगे। इस सराहनीय पहल पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि "इस प्रकार के प्रयास न केवल पर्यावरण की रक्षा करेंगे बल्कि बच्चों को संस्कृति और परंपरा से आत्मिक रूप से जोड़ने का कार्य भी करेंगे। यह अभियान जिले के लिए प्रेरणास्रोत है।



सभी प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण कार्य 3 माह में पूर्ण करवाए-चंद्रा

शेष आवासों के सत्यापन का कार्य तीन दिवस में पूरा करने के दिए निर्देश

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम को जिले के सभी नगरीय निकायों द्वारा संचालित योजनाओं ,विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी मुख्य नगर पलिका अधिकारी उपस्थित थे । बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास1.0 योजना के कार्यों की प्रगति की निकायवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सिंगोली के सीएमओ और परियोजना अधिकारी शहरी विकास को निर्देशित किया,कि 127 आवासों का घर-घर जाकर सत्यापन कर,अगली टील की बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें । उन्होंने आगामी तीन माह में समस्त आवासों के निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत सत्यापन से शेष आवेदनों का सत्यापन 29 अगस्त तक करने प्रति सप्ताह कितना सत्यापन कार्य किया गया है उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के नर्देश सभी सीएमओ को दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने सी एम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने,आगामी ग्रेडिंग 85% से कम रहने वाले नगर निकाय के सीएमओ की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के प्रस्ताव विभाग को भेजने के निर्देश भी दिए। बैठक में परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री चंद्र सिंह धारवे, सीएमओ नीमच श्रीमती दुर्गा बामनिया व सभी सीएमओ उपस्थित थे।

बच्चे देश की धरोहर, इनकी प्रतिभाओं को संवारना हम सबका दायित्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें निहित असीमित प्रतिभाओं को निखारना और आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। बच्चों और युवाओं की प्रतिभाएं ही देश को विकास पथ पर आगे ले जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चे खूब पढ़े-लिखें और अपना भविष्य संवारें, सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रायमरी कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हमारी सरकार छात्रवृत्ति दे रही है। सबके रोजगार की व्यवस्था भी हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम 1 लाख पदों पर भर्ती करने जा रहे हैं। अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रस्तावित नीमच दौरे को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

वोट चोरी सत्याग्रह जनसभा एवं होगा कलेक्टर घेराव,होगा विशाल आंदोलन -तरूण बाहेती

नीमच। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाया गया वोट चोरी का मुद्दा पूरे देश में गर्माया हुआ है। जिसके मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पूरे प्रदेश का दौरा कर जन जागरण अभियान में जुटे हुए हैं। ऐसे माहौल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का नीमच दौरा खासा महत्वपूर्ण है, जिसकी तैयारियों में सभी कांग्रेसजन जुट जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का नीमच दौरा एतिहासिक बनाया जाएगा। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के 1 सितंबर 2025 को प्रस्तावित नीमच दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आयोजित जिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरूण बाहेती ने कही। बैठक में श्री बाहेती ने कहा की कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के कार्यक्रम को वोट अधिकार सत्याग्रह जनसभा का नाम दिया गया हैं। जनसभा के पश्चात कांग्रेस द्वारा जिला कलेक्टर का घेराव कर ज्ञापन दिया जाएगा। बाहेती ने प्रस्तावित दौरे की रूपरेखा और तैयारियों से अवगत कराया। बाहेती ने कहा की आगामी 1 सितंबर को जीतू पटवारी के दौरे के दौरान जिला कांग्रेस नीमच के विधिवत जिला कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण भी किया जाएगा। बाहेती ने जिले भर से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा की वे सब जीतू पटवारी जी कार्यक्रम के लिए मुस्तदी से जुट जाए एवं सभा को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

जिला कांग्रेस ने बैठक में नया प्रयोग करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसजन को बैठक का अतिथि बनाया जिसमें पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविन्द चोपड़ा, हाजी बाबू सलीम नाथूसिंह राठौर के आतिथ्य में आयोजित की गई थी। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने अपने विचार व्यक्त किए और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नीमच दौरे पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर भी सुझाव दिए। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल चौरसिया, प्रदेश सचिव सत्यनारायण पाटीदार, मंगेश संघई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु बंसल, संगठन मंत्री ब्रजेश मित्तल, ओम शर्मा, मुकेश कालरा, चंद्रशेखर पालीवाल, आर सागर कछावा, हिदायतुल्ला खान, सेवादल जिलाध्यक्ष गजेंद्र यादव, भानु प्रतापसिंह राठौर, नपा में नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति, मनासा ब्लॉक अध्यक्ष श्याम सोनी, रामपुरा ब्लॉक अध्यक्ष राजू गरासिया, नीमच ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, मनासा ब्लाक अध्यक्ष श्याम सोनी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह भंवरसा, जावद ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश राव सिंगोली ब्लॉक अध्यक्ष मनीष जैन, महेश चौधरी, बशीर पहलवान,मोहनसिंह जाट ने सम्बोधित किया। बैठक में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बृजेश सक्सेना ने प्रशासन द्वारा सत्ता के दबाव में नीमच रेडक्रॉस चुनाव स्थगित करने की घटना को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन मनोहरसिंह अंब व रणजीतसिंह तंवर बबली ने संयुक्त रूप से किया,जबकि आभार शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोनू लोक्स एवं प्रवक्ता भगत वर्मा ने माना। बैठक के उपस्थित सभी नेताओं ने वोट चोरी के विरोध में होने जा रहें विशाल आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिले भर के कांग्रेसी विशाल संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में नारायण दास बाहेती, पृथ्वीसिंह वर्मा, विमल शर्मा उमराव सिंह राठौड़, भगत वर्मा, ओम दीवान, विमल शर्मा, मनीष पोरवाल, जगदीश माहेश्वरी, इलियास कुरैशी, संजय पवार, अनिता घनेटवाल, गुलाबचंद जाट हरवार, हारून रशीद, रमेश कदम, मनोहर जाट, राकेश सोनकर पार्षद, नितिन हसीजा, शराफत हुसैन पार्षद,बेबी मेहरा, नरेंद्र सोनी, विनोद बोरीवल, रुखसाना खान, जिनेंद्र नागोरी, संदीप राठौर, सम्राट दीक्षित, मोंटी बना, रुपेश शर्मा, इकबाल कुरैशी, मनीष सिंह लॉन्च, बलवंत सिंह यादव पार्षद, भारत सिंह अहीर पार्षद, जगदीश पुनर, दुर्गा शंकर नागदा, जावेद दुर्रानी, धर्मेंद्रसिंह परिहार, हिम्मत सिंह छोटू बना, लक्ष्मीनारायण नागदा, रवि दीवान, विनोद नागदा, दीपक चौधरी, रामकिशन रावत, घनश्याम जाट,जसवंत गुर्जर, योगेश पुरोहित महेंद्रसिंह सिसोदिया, मोना शर्मा, दिनेश गुर्जर, रामचंद्र धाकड़, मनीष गोस्वामी, मोहन विश्वकर्मा, यश लोहार, विकास गोयल, मनीष सोनकर, अभिषेक मालू, जगदीश राठौर सरवानिया, चंद्रशेखर पाटीदार बामोरा, हरिदास बैरागी, घनश्याम जाट, जगदीश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

नीमच यातायात विभाग की बड़ी कार्यवाही, बिना परमिट के दौड़ रही बसों पर लगाई लगाम

नीमच। नीमच शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। पहले शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए यातायात विभाग ने आम जनता में अच्छा संदेश दिया। वही अब लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाली बिना परमिट की बसों पर भी विभाग ने लगाम लगाइ है। आपको बता दे कि यातायात थाना प्रभारी अमित सारस्वत और उनकी टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो से तीन दिन पूर्व बिना परमिट के चलने वाली नागथून नीमच की मीनाक्षी बस को पड़कर परिवहन विभाग को सौपा था। इसी क्रम में मंगलवार को बाहेती बस को बिना परमिट के चलते हुए पकड़ा गया। शहर सहित जिलेभर में ऐसे कई वाहन और हैं जो बिना परमिट बिना फिटनेस के फराटे से दौड़ रहे हैं यातायात विभाग इन पर लगाम कस रहा है। जिससे नीमच जिले में आवागमन के साधनो का उपयोग कर यात्री स्वयं को सुरक्षित महसूस करे।

नीमच जिला खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने खाद्य लाइसेंस नहीं होने पर नीमच में एक संस्थान किया सील, खाद्य पदार्थों के कुल 5 नमूने लिए

नीमच। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नीमच में स्थित फर्म जय संत कंवरराम कन्फेक्शनरी बंगला नंबर 49 लक्ष्मी एक्सरे के पीछे नीमच का आकस्मिक निरीक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच द्वारा किया गया टीम ने मौके पर विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ कन्फेक्शनरी, बेकरी प्रोडक्ट, कार्बोनेटेड वॉटर, पेड़ा भंडारित पाए गए । खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू सोलंकी ने बताया कि फर्म के प्रोपराइटर भगवान दास कालानी के पास फर्म के लिए आवश्यक खाद्य लाइसेंस नहीं पाया गया। फर्म का वार्षिक टर्नओवर 25 से 30 लाख रुपए बताया गया है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत आवश्यक खाद्य लाइसेंस के बिना खाद्य व्यापार करते पाए जाने पर खाद्य परिसर को खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने तक सील बंद किया गया। मौके पर विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ राधे राधे डॉलर पेड़ा का एक और कार्बोनेटेड वॉटर के 4 कुल 5 नमूने लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

बीएसएनएल "महा अगस्त" ऑफ़र का लाभ उठाने का आख़िरी मौका 31 अगस्त

बीएसएनएल की "महा अगस्त" योजना से जनता को मिल रहा सस्ता और लाभकारी संचार विकल्प

उप महाप्रबंधक, बीएसएनएल मंदसौर श्री लोकेन्द्र डांगोर ने बताया कि, भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) द्वारा आज़ादी के पावन पर्व 15 अगस्त "महा अगस्त" के अवसर पर एक विशेष योजना प्रारंभ की गई है, जो 1 अगस्त से चालू है। यह योजना 31 अगस्त 2025 तक सीमित समय के लिए उपलब्ध रहेगी। योजना का लाभ आम जनता को कम से कम लागत में अधिक से अधिक सुविधाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। योजना की विशेषताएँ मात्र 1 रुपये में मोबाइल सिम कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रतिदिन 2 जीबी डाटा (उसके बाद अनलिमिटेड डाटा 40 kbps की स्पीड पर)। प्रतिदिन अनलिमिटेड कॉलिंग। प्रतिदिन 100 एसएमएस। वैधता अवधि 30 दिन। इस ऑफर का उद्देश्य जनता को सस्ती, सुलभ और उपयोगी दूरसंचार सेवाएँ उपलब्ध कराना है। यह योजना विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए है जो कम खर्च में अधिक लाभ पाना चाहते हैं।



रेडक्रास चुनाव स्थगित करने का जिला कांग्रेस ने किया विरोध

रैली निकाल लगाए वोट चोर-वोट चोर के नारे, भारतमाता को अर्पित किया ज्ञापन

नीमच। रेडक्रास नीमच के चुनाव मतदान के बाद स्थगित करने का कांग्रेस ने मंगलवार को जमकर विरोध किया। मामले में प्रशासन पर सत्तापक्ष के नेताओं और जनप्रतिनिधियों के दबाव में रेडक्रास के चुनाव स्थगित करने का आरोप लगाया है और रैली निकाल वोट चोर-वोट चोर के नारे लगाए और पोस्टर लहराए। साथ ही भारतमाता को ज्ञापन भी अर्पित किया गया। मतगणना को रोक सोमवार देर रात्रि में लोकतंत्र का गला घोट कर रेडक्रास सोसायटी नीमच के चुनाव प्रशासन ने आपत्तियों का हवाला देते हुए स्थगित कर दिए थे, जिसके विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्र कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरूण बाहेती के नेतृत्व गांधी भवन से विरोध रैली निकली, जिसमें कांग्रेसजनों ने हाथों में वोट चोर, वोट चोर सहित विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां और पोस्टर थाम रखे थे। इस दौरान कांग्रेसजनों ने जमकर नारेबाजी भी की। रैली गांधी भवन से शुरू हुई जो विजय टॉकीज चौराहा होते ही फोरजीरो चौराहा पहुंची। जहां भारत माता की प्रतिमा को ज्ञापन अर्पण किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि जिला प्रशासन की मिली भगत से रेडक्रॉस चुनाव स्थगित किए गए हैं। इसलिए यह ज्ञापन जिला प्रशासन को देने का कोई औचित्य नहीं है इसलिए रेडक्रॉस चुनाव स्थगित करने के विरोध का यह ज्ञापन भारत माता के चरणों में अर्पित किया गया। प्रशासन ने सत्ता के दबाव में यह फैसला लिया है। बाहेती ने नीमच रेडक्रॉस चुनाव में संचालन करने वाले पीठासीन अधिकारी एसडीएम संजीव साहू को तत्काल निलंबित करने की भी मांग की। जिला कांग्रेस के ज्ञापन में बताया कि नीमच रेडक्रास सोसायटी के चुनाव 16 वर्षों के बाद 25 अगस्त 2025 को सम्पन्न हुए, लेकिन जो चुनाव नीमच जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन उनके द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी एसडीएम द्वारा साधारण सभा की सहमति व शासन के नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया के तहत संपन कराए थे, लेकिन मतगणना के शुरू होने के पूर्व आचानक आपत्तियों का हवाला देकर भारी राजनीतिक दबाव के कारण प्रशासन को कोई निर्णय नहीं कर मत पेटियों को खोलकर मत पत्रों के बंडल भी बना लिये गए थे, लेकिन एन वक्त पर जिला कलेक्टर द्वारा भाजपा के दबाव में बनाकर निर्वाचन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश मे किसी भी संस्था का स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन ही उसकी विश्वसनीयता की नींव होता है जब यह संस्था मानवीय सेवाएं रक्तदान और जनकल्याण के कार्यों से जुड़ी हो तो उसकी निष्पक्षता और स्वतंत्रता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। रेडक्रॉस सोसाइटी नीमच का चुनाव यदि राजनीतिक हस्तक्षेप से स्थगित हो जाए तो यह केवल एक संगठन का संकट नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी सीधा आघात है। रेडक्रॉस जैसी संस्थाएं तब ही राजनीतिक दबाव से मुक्त रहकर जनता की सेवा कर सकती है, जब वह सेवाभाव और निष्पक्षता पर आधारित हो न कि राजनीतिक लाभ हानि पर होता हैं। लोकतंत्र की आत्मा स्वतंत्र संस्थाओं में बसती हैए यदि उन्हें राजनीति की जकड़ में बांध दिया गया तो जनता का भरोसा टूटेगा और लोकतंत्र का स्वरूप खोखला हो जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरूण बाहेती, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया, प्रदेश सचिव सत्यनारायण पाटीदार, हाजी बाबू सलीम, डॉ पृथ्वी सिंह वर्मा,नाथूसिंह राठौर,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु बंसल, ब्रजेश सक्सेना,श्याम सोनी, राजू गरासिया,ओम दीवान, ब्रजेश मित्तल, ओम शर्मा, मुकेश कालरा,चंद्रशेखर पालीवाल, भगत वर्मा, मनीष पोरवाल,मोहनसिंह जाट, मंगेश संघई, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र मोनू लोक्स, आरसागर कछावा, जीरन ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विनादसिंह भंवरासा, हिदायतुल्ला खान, सेवादल जिलाध्यक्ष गजेंद्र यादव,नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति, विमल शर्मा,नीमच ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, मनोहरसिंह अंब,रणजीतसिंह तंवर बबली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण देकर जनअभियान परिषद ने किया अभिनव प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन एवं कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जनअभियान परिषद द्वारा "माटी गणेश–सिद्ध गणेश अभियान" संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में पर्यावरण की शुद्धता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिला समन्वयक श्रीमती तृप्ति बैरागी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था, नवांकुर सखी तथा सीएमसीएलडीपी के छात्रों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया गया। साथ ही प्रतिभागियों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन घर पर ही करें, जिससे हमारे जल स्रोत प्रदूषित न हों। प्रतिमाओं को प्राकृतिक रंगों से सजाने पर जोर दिया गया तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक रंगों से निर्मित प्रतिमाओं का उपयोग न करने की अपील की गई। मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना एवं उनका घर पर ही विसर्जन कर जल–स्रोतों की शुद्धता एवं पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने हेतु सभी को प्रेरित किया गया।

28 अगस्त को सिंगोली में होगी मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना

प्रदीप जैन

सिंगोली। हू लड्यो घणो, हु सह्यो घणो, मेवाड़ी आण बचावण ने.. - राजस्थानी लोककवि कन्हैयालाल - सेठिया की यह पंक्ति अब देशभर में - गूंजेगी। 'महाराणा प्रताप स्मारक अभियान' के तहत महाराणा प्रताप की वीरता और शौर्य का परिचय देने के लिए देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों समेत 500 से अधिक शहरों और कस्बों में उनकी प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इस अभियान के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ और राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रवीरसिंह नमाणा है। अभियान का मुख्य लक्ष्य सामाजिक समरसता, सर्वधर्म सद्भाव और - भारतीय इतिहास का संरक्षण है। महाराणा प्रताप के आदर्श जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत उनके विचारों और शौर्य को प्रचारित करने के साथ-साथ आने वाली युवा पीढ़ी के लिए महाराणा प्रताप को आदर्श मानकर सर्व समाज को एक सुत्र में पिरोकर सामाजिक एकता व राष्ट्र प्रेम को बढ़ावा देना भी उद्देश्य है। यह अभियान 600-700 - साल पुराने महाराणा प्रताप के जीवन मूल्यों को सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से पुनर्जनन करने का प्रयास है। महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के संकल्प की माला में एक और मोती पिरोते हुए । मेवाड़ की पावन धरा देशभर में लगने वाली वीर शिरोमणि हिंदुआ सूरज महाराणा प्रताप की 500 प्रतिमाओं में से प्रतिमा संख्या 30 की स्थापना दिनांक 28 अगस्त 2025 गुरूवार को सिंगोली, जिला नीमच मध्यप्रदेश में समस्त राजपुत समाज करणी सेना परिवार, सर्वसमाज व नगर परिषद सिंगोली के प्रयासो से भव्य प्रतिमा सुबह 10 बजे बजरंग व्यायाम शाला सिंगोली पहुचेगी जहाँ से सर्वसमाज चल समारोह के साथ पुराना बस स्टैंड पहुचैगा व शुभ मुहूर्त में विधीविधान से मुख्य अथिति क्षैत्रिय विधायक व पुर्वमंत्री ओमप्रकाश सकलेचा एवं राजपूत समाज, सर्वसमाज, नगर परिषद पदाधिकारियों एवं नगरवासियों की मौजूदगी में स्थापना होगी जो महाराणा प्रताप की वीर गाथा को सदा जीवंत रखेंगी। 36 कोम को साथ लेकर चलने वाले महाराणा प्रताप सिंह के पद चिन्हों पर चलते हुए इस कार्य को ऐतिहासिक बनाने व सर्वसमाज सामाजिक समरसता की मिशाल पेश करने के लिए सिंगोली तहसील राजपूत समाज एवं करणी सेना परिवार द्वारा 36 कोम हर समाज को महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना के इस ऐतिहासिक आयोजन में पधारने के लिए आमंत्रण पत्र देकर गांव गांव ढ़ाणी ढ़ाणी हर ठिकाने पर पहुँच निमंत्रण दिया जा रहा है वह अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन के सहभागी बन इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने की अपील की जा रही है!

आयुष्मान कार्ड पाकर प्रधानमंत्री का धन्यवाद कर रहे बुजुर्ग- परिहार

नीमच। आयुष्मान कार्ड एवं निःशुल्क उपचार पाकर प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद कर रहे है बुजुर्ग, यह बात सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश स्तरीय वर्चुअली कार्यक्रम में विधायक श्री दिलीपसिहं परिहार ने कही। जबलपुर के मुख्य समारोह से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ला, स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने प्रदेश के साथ ही जिले को विभिन्न सौगातें दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने कहा , कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर विस्तार किया जा रहा है इसी कड़ी में चरणबद्ध एवं योजनाबद्ध मध्य तरीके से प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही हैं। इसी कड़ी में श्योपुर एवं सिंगरौली के मेडिकल कॉलेज को लोकार्पित किया गया है तथा धार ,कटनी, पन्ना, बैतूल में पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधारित नवीन मेडिकल कालेज खोले जाने हेतु एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किये गये हैं। इस अवसर पर अतिथियों ने आयुष्मान भारत अंतर्गत हितग्राहीयों के लिये व्हाट्सअप चैट बोर्ड ''आयुष्मान सखी'' का शुभांरभ भी किया। चैट बौर्ड के नम्बर 0755-2762582 पर कोई भी हितग्राही आयुष्मान योजना की जानकारी, पात्रता की जाचॅ, आयुष्मान वालेटॅ

की जानकारी, संबद्ध अस्पतालो की सूची , आयुष्मान कार्ड डाउनलोड करने की सुविधाओं के साथ ही अन्य सुविधाए भी प्राप्त कर सकेंगे।कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने कहा, कि जिला चिकित्सालय में निरंतर स्वास्थ्य सुविधओं का विकास एवं विस्तार हो रहा है। गरीबों को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में विधायक श्री परिहार ने हितग्राही कमला देवी शर्मा ,शमीम बानो, मंगलकुमार गोराना, ललिता बाई को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना अन्तगत 70 प्लस से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजन , श्रमिक कार्ड पात्रता एवं धरती आबा जनजाति उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। श्री वैष्णव ने जिले में आयुष्मान कार्ड के शेष हितग्राहियों के कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.आर.के.खद्योत, श्री विरेन्द्रकुमार सखलेचा मेडिकल कालेज के डीन डा.आदित्य बारेड, सिविल सर्जन डॉ.महेंद्र पाटील, आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ.भेरूलाल सिसोदिया, डा.संगीता भारती, डा.मनीष यादव, सर्वश्री मोहन सिंह राणावत, दारासिंह यादव, किशोर बैरागी, हेमंत हरित, मदन गुर्जर, मनीष चौरसिया, जीशान कुरैशी, लोकेश चांगल आदि उपस्थित थे।

2020 में कमलनाथ सरकार गिरने पर पहली बार बोले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह

डेस्क 5 साल पहले यानी साल 2020 के मार्च महीने में मध्य प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा भूचाल आया था, जब 15 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस की सरकार 15 महीने में ही गिर गई थी. इस पर पहली बार कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने खुलकर अपनी बात रखी है.दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस सरकार के गिरने के पीछे की वजह बताई है. एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच मतभेद के कारण ऐसा हुआ था.

मुझे अंदाजा था ऐसी घटना होगी- दिग्विजय सिंह

दिग्विजय सिंह से जब सवाल किया गया कि ये माना जाता है कि ये सब आपके सलाह के बाद हुआ, इस पर उन्होंने कहा, "ये गलत है, ये प्रचारित किया गया, लेकिन इसके विरुद्ध मैंने ये चेताया था कि ये घटना हो सकती है, और एक उद्योगपति के घर बैठक भी हुई, जहां मैंने ये कहा कि देखिए, इन दोनों की लड़ाई में हमारी सरकार गिर जाएगी तो आप संभालिए क्योंकि आपके दोनों के साथ संबंध अच्छे हैं. लेकिन, काफी बातचीत के बाद भी जो काम करने की दिक्कतें थीं, उसका पालन नहीं हुआ, और मेरे सतत प्रयासों के बाद भी नहीं हो पाया."

छोटे-मोटे मुद्दों पर बनी असहमति- दिग्विजय सिंह

हालांकि दिग्विजय सिंह ने उद्योगपति का नाम अज्ञात रखा. वहीं उनसे जब पूछा गया कि किन मुद्दों पर बात नहीं बन पाई, जिसके जवाब में उन्होंने कहा, "छोटे-मोटे मुद्दे जो भी होते हैं.. जैसे- क्या होना चाहिए? क्या नहीं होना चाहिए? तो इस पर ये तय हुआ कि ग्वालियर-चंबल संवाद में जैसा हम दोनों कहेंगे वैसा वो कर देंगे. अगले दिन हम लोगों ने एक विश लिस्ट बनाकर दे दी. मैंने भी दस्तखत किए. लेकिन उसका पालन नहीं हुआ, जिसके बाद तनाव और बढ़ गया."

बता दें कि ये पहली बार है कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने 5 साल पहले हुए राजनीतिक अलगाव के बारे में खुलकर जिक्र किया हो. दरअसल, साल 2020 के मार्च में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस का 18 साल का साथ छोड़कर बीजेपी का दामन थामा था. 2021 के कैबिनेट विस्तार में उन्हें केंद्र सरकार के कैबिनेट में जगह मिली. फिलहाल वे भारत के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं.

टाइगर्स पर बढ़ता संकट, 8 महीने में 36 बाघों की मौत, शिकारियों ने पंजे तक काटे

मध्य प्रदेश जिसे देश में 'टाइगर स्टेट' कहा जाता है, आज टाइगरों की मौत के कारण चर्चा में है. आंकड़ों की मानें तो देश में सबसे ज्यादा करीब 780 बाघ मध्य प्रदेश में हैं. लेकिन चिंता की बात ये है कि सबसे ज्यादा मौतें भी यहीं हो रही हैं. सिर्फ पिछले 8 महीनों में ही 36 बाघों की मौत हुई है. मध्य प्रदेश जिसे देश में 'टाइगर स्टेट' कहा जाता है, आज टाइगरों की मौत के कारण चर्चा में है. आंकड़ों की मानें तो देश में सबसे ज्यादा करीब 780 बाघ मध्य प्रदेश में हैं. लेकिन चिंता की बात ये है कि सबसे ज्यादा मौतें भी यहीं हो रही हैं. सिर्फ पिछले 8 महीनों में ही 36 बाघों की मौत हुई है.

शिकारियों ने पंजे काटे

मध्य प्रदेश के बालाघाट और नर्मदापुरम में हाल ही में कई बाघों की मौत हुई. इनमें कुछ बाघ करंट लगने से मरे लेकिन गंभीर मामला ये है कि कई बाघों को शिकारियों ने मारकर उनके पंजे काट लिए. नर्मदापुरम से आई मृत बाघों की तस्वीरें देखने वालों को हिला देने वाली हैं.मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख ने सभी टाइगर रिजर्व को पत्र भेजकर कहा है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का कहना है कि इस मामले में सरकार उचित कदम उठाएगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी. वहीं, मुख्यमंत्री मोहन यादव भी इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं.

टाइगर टास्क फोर्स बनाने की जरूरत

वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट अजय दुबे का कहना है कि लगातार बाघों की मौत रोकने के लिए टाइगर टास्क फोर्स बनाने की जरूरत है. उनका मानना है कि ग्रामीणों की मदद से जंगलों में लगातार मॉनिटरिंग जरूरी है. उन्होंने बताया कि बिना कर्मचारियों और अधिकारियों की मौजूदगी, शिकारी खुलेआम जंगल में घूम रहे हैं. पूर्व वन विभाग अधिकारी और वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट सुदेश बाघमारे बताते हैं कि मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा टाइगर्स होने की वजह से यहां शिकारी और तस्करों के गिरोह भी सक्रिय हैं. उनके अनुसार, सुरक्षा के लिए सिस्टम तो है, लेकिन उस सिस्टम की सही निगरानी जरूरी है.

शिवपुरी में ट्रक ड्राइवर ने 500 रुपये का चालान कटने पर की आत्महत्या की कोशिश

शिवपुरी मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक ट्रक चालक ने कथित रूप से परिवहन सीमा चौकी के कर्मचारियों से 500 रुपये की रिश्वत की मांग और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की कोशिश की. यह घटना सोमवार शाम को सिकंदरा परिवहन चौकी के पास हुई.ट्रक चालक अपने केबिन पर चढ़ गया और अपने गले में फंदा डाल कर खड़ा हो गया. फंदे का एक सिरा झांसी-शिवपुरी मार्ग पर एक पेड़ से जुड़ा हुआ था. यह नजारा देख राहगीर और आसपास के लोग सकते में आ गए.

पुलिस ने समय रहते बचाया चालक

दिनारा थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. उन्होंने फंदा हटाकर चालक को नीचे उतारा और स्थिति को काबू में किया. चालक को थाने ले जाकर सुरक्षित रखा गया और रिपोर्ट दर्ज की गई.

रिश्वत की मांग को लेकर बनाया गया दबाव

श्रवण राम विश्नोई नामक ट्रक चालक ने बताया कि वह राजस्थान के जोधपुर जिले के रहने वाले हैं और रांची से उदयपुर की ओर जा रहे थे. 25 अगस्त की शाम करीब चार बजे, वह सिकंदरा आरटीओ चेकपोस्ट पहुंचे और अपने ट्रक के सभी दस्तावेज दिखाए. विश्नोई ने दावा किया कि उस समय चौकी पर मौजूद कर्मचारियों ने अवैध रूप से 500 रुपये की मांग की. जब उन्होंने पैसे देने से मना किया, तो उन्हें पास में खड़ी एक एसयूवी में बैठने के लिए मजबूर किया गया और उस पर मानसिक दबाव डाला गया.

चालान काटने और धमकी का आरोप

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, चालक के बयान में कहा गया है कि पैसे देने से इंकार करने पर उसका ट्रक का ऑनलाइन चालान काट दिया गया. इसके बाद विश्नोई ने चेकपोस्ट पर शिकायत करने की कोशिश की, लेकिन उसे धमकाया गया और अन्य कार्रवाई की धमकी दी गई.

अपमान और मानसिक दबाव के चलते उठाया कदम

विश्नोई ने कहा कि अपमान और उत्पीड़न से वह बहुत आहत हुआ. इसी मानसिक दबाव में उसने अपने ट्रक को रोक दिया और पास के पेड़ से लटकने की कोशिश की. सौभाग्य से पुलिस ने समय रहते हस्तक्षेप किया और उसे नीचे उतारकर शांत किया. पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. घटनास्थल से संबंधित CCTV फुटेज और कर्मचारियों के बयानों की भी जांच की जा रही है. पुलिस ने कहा कि कोई भी आरोप सिद्ध होने पर कार्रवाई की जाएगी.

वैष्णो देवी में भूस्खलन के चपेट में आया यूपी का परिवार, 4 घायल, 1 की मौत

जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए भीषण भूस्खलन में कई लोगों की मौत और दर्जनों के घायल होने की सूचना सामने आ रही है. इस हृदयविदारक घटना में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर का एक परिवार भी इसकी चपेट में आ गया. सिटी कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला निवासी 46 वर्षीय मिंटू कश्यप अपने परिवार के साथ माता वैष्णो देवी की यात्रा पर गए थे. उनके साथ पत्नी बबली, बेटी उमंग, बेटा कार्तिक और साले की बेटी वैष्णवी भी थी. बताया जा रहा है कि यह पूरा परिवार भी भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिसमें सबसे बड़ी क्षति मिंटू कश्यप के बेटे कार्तिक की हुई, जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. शेष चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है.घटना की सूचना मिंटू कश्यप ने अस्पताल से किसी दूसरे व्यक्ति के फोन से अपने परिजनों को दी. जैसे ही यह दुखद समाचार मुज़फ़्फ़रनगर पहुंचा, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई. परिजनों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मिंटू के घर जुटने लगी. परिवार से मिलने पहुंचे राज्य मंत्रीइस बीच प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे. उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा आज जम्मू में जो भयंकर हादसा हुआ है, वह अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है. बादल फटने और भूस्खलन के कारण लगभग 10 लोगों की मृत्यु की सूचना है. हमारे मुज़फ़्फ़रनगर का एक परिवार भी इस दुर्घटना का शिकार हुआ है. कार्तिक नामक युवक, जो कि 18 वर्ष का था, उसका निधन हो गया है, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. हमने राज्यपाल और जिलाधिकारी को इस पूरी स्थिति से अवगत कराया है और परिवार को हर संभव सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया है." वहीं, मिंटू कश्यप के बड़े भाई बाबूराम कश्यप ने अपने दर्द को कुछ इन शब्दों में बयां किया. उन्होंने कहा कि मेरा छोटा भाई मिंटू अपने परिवार सहित वैष्णो देवी यात्रा पर गया था. वापसी में रास्ते में हादसा हो गया. किसी तरह उसने अस्पताल से फोन करके बताया कि कार्तिक नहीं रहा और बाकी सभी को चोटें आई हैं. जब ये खबर मिली तो जैसे पैरों तले ज़मीन खिसक गई. मन्नू (कार्तिक) बहुत होनहार लड़का था. अब क्या कहूं, पूरा घर टूट गया है."

ट्रंप के टैरिफ पर मचा बवाल, फिर भी भारत के तेजस फाइटर जेट को इंजन देगा अमेरिका

भारत अपनी वायुसेना को और भी मजबूत करने के लिए जल्द ही अमेरिका के साथ एक डिफेंस डील करने वाला है. यह सब ऐसे समय में होने वाली है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है जिसकी वजह से लेकर दोनों देशों के बीच तल्खियां बढ़ी हुई है. भारत और अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (GE) के बीच एक बिलियन डॉलर (करीब 8,300 करोड़ रुपये) का समझौता सितंबर तक हो सकता है.

तेजस फाइटर जेट के लिए इंजन देगी GE

रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस डील के तहत अमेरिकी कंपनी जीई भारतीय फाइटर जेट LCA तेजस मार्क-1A के लिए 113 नए जीई-404 इंजन उपलब्ध कराएगी. केंद्र सरकार ने हाल ही में 97 और LCA तेजस मार्क-1ए विमान खरीदने की मंजूरी दी थी. इससे पहले ही 83 फाइटर जेट के लिए 99 जीई-404 इंजन का सौदा हो चुका है.

कब तक एयरफोर्स को मिलेंगे तेजस?

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को 83 विमानों के इंजन की खेप 2029-30 तक और उसके बाद 97 विमानों की आपूर्ति 2033-34 तक करनी है. जीई हर महीने दो इंजन भारत को सप्लाई करेगी. HAL ने पहले 83 फाइटर जेट 2029-30 तक वायुसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा है. उसके बाद 97 विमानों का दूसरा बैच 2033-34 तक तैयार कर दिया जाएगा.

LCA मार्क-2 और AMCA के लिए भी हो सकती है डील

HAL अमेरिकी कंपनी जीई के साथ 80 फीसदी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ GE-414 इंजन के लिए एक डील पर बातचीत कर रहा है. करीब 1.5 बिलियन डॉलर (12,500 करोड़ रुपये) की इस डील पर आने वाले कुछ महीनों में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है. इसके तहत भारत के LCA मार्क-2 और एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) के लिए जरूरी 200 जीई-414 इंजन उपलब्ध कराए जाएंगे. जीई-414 इंजनों का इस्तेमाल 162 LCA मार्क 2 विमानों और AMCA के 10 प्रोटोटाइपों में किया जाएगा.भारत अपने मिग-21 फाइटर जेट के बेड़े को तेजस से रिप्लेस करने की योजना बना रहा है. भारत पहले से ही अपना स्वदेशी फाइटर जेट इंजन बनाने की दिशा में काम कर रहा है, जिसके लिए फ्रांस की कंपनी Safron के साथ डील हुई है.

सदा रहने वाला ब्रह्म मैं हूँ, पंचभूतों का जगत मैं नहीं हूँ : महामंडलेश्वर परमानंद गिरि

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ के सेक्टर 18 हरिश्चंद्र मार्ग स्थित एकात्म धाम शिविर बुधवार को वेदांत की दिव्यता और संगीत की मधुरता से भरपूर रहा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के न्यासी सदस्य युग पुरुष महामंडलेश्वर परमानंद गिरि जी ने वेदांत और उपनिषदों की गूढ़ व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा, "सदा रहने वाला ब्रह्म मैं हूँ, पंचभूतों का जगत मैं नहीं हूँ। जो सभी अवस्थाओं में प्राप्त है, वही ध्यान करने योग्य है।" साथ ही उन्होंने एकात्म धाम प्रकल्प की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आचार्य शंकर के अद्वैत दर्शन और उनके योगदान का अवलोकन किया। आज एक ओंकार साउंड्स ऑफ़ वननेस के चौथे दिवस पर सुप्रसिद्ध गायिका द्वय रंजनी गायत्री ने अपनी मधुर आवाज़ में आचार्य शंकर विरचित निर्वाण षट्कम, दक्षिणामूर्ति स्तोत्रम्, आदि का गायन प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को अद्वैत के सुरों से सराबोर कर दिया। इस आयोजन में अनेक साधु-संतों की उपस्थिति ने इसे और भी विशेष बना दिया। आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती ने अद्वैत वेदांत के मर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा, "प्रक्रिया में द्वैत स्वीकार्य हो सकता है,

गणेश चतुर्थी और नवरात्रि के आयोजन में स्वदेशी सामान को किया जाए प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

गणेश चतुर्थी पर्व पर रहेगा प्रदेश में अवकाश राज्य शासन की अवकाश व्यवस्था की समीक्षा के लिए बनेगी समिति नगरीय निकायों के आगामी आम निर्वाचन, 2027 में अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा होगा मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मंत्रि-परिषद से पहले किया संबोधित

नीमच। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गणेश चतुर्थी पर्व पर संपूर्ण प्रदेश में अवकाश रहेगा। उन्होंने राज्य शासन द्वारा निर्धारित अवकाश व्यवस्था की समीक्षा के लिए समिति गठित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया नगरीय निकायों के आगामी आम निर्वाचन, 2027 में अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं के द्वारा कराया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गणेश चतुर्थी और नवरात्रि के आयोजन में स्वदेशी सामान को प्रोत्साहित किया जाए। मूर्ति निर्माण में मिट्टी और लुगदी को प्राथमिकता दी जाए और पर्यावरण संरक्षण के लिए चुनौती बन रहे प्लास्टर ऑफ पेरिस को हतोत्साहित किया जाए। सार्वजनिक धार्मिक आयोजनों सहित घरों में होने वाले पूजा-पाठ में देश में ही बने वस्त्र और साज-सज्जा की सामग्री का उपयोग हो। इससे छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा और हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कटनी में हुई माइनिंग कॉन्क्लेव की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कॉन्क्लेव में 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। आयोजन क्रिटिकल मिनरल, स्ट्रेटजिक मिनरल तथा रेयर अर्थ एलिमेंट की प्रदेश में संभावनाओं, इनके प्रसंस्करण संवर्धन पर केंद्रित रहा। आयोजन में टेक्समिन इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ माइन्स, आईआईटी धनबाद इत्यादि के साथ एमओयू किया गया। कोल इंडिया लिमिटेड, मैंग्नीज ओर इंडिया लिमिटेड, हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान, संस्थान, टेक्समिन आईआईटी, इंडियन स्कूल ऑफ माईन्स, भारतीय रेयर अर्थ लिमिटेड, की भागीदारी रही। निजी संस्थाओं जैसे सिंघल बिजनेस प्राईवेट लिमिटेड विनम्र रिर्सोसेस, रमणीक पॉवर, मायनवेयर एडवायजर इत्यादि के प्रतिनिधियों से भी भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदेश में रोड नेटवर्क विस्तार के लिए 73 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी गई है। इनमें जबलपुर-भोपाल ग्रीन फील्ड हाईवे 255 कि.मी., इंदौर- भोपाल ग्रीन फील्ड कॉरिडोर, 160 कि.मी., लखनादौन-रायपुर फोर लेन हाईवे, 220 कि.मी. के अलावा उज्जैन-झालावाड़ मार्ग, बरनावर-टिमरनी मार्ग, खंडवा-बैतूल फोर लेन, इंदौर सिक्स लेन पूर्वी बायपास और इसी तरह से कुल मिलाकर 27 परियोजनाएं मुख्य हैं। कान्हा, बांधवगढ़,पेंच और पन्ना राष्ट्रीय उद्यानों को आपस में जोड़ने के लिए टाईगर कॉरिडोर बनाया जाएगा। प्रदेश में बंदरगाहों से सीधे कनेक्टीविटी मिलेगी और पर्यटन का विकास होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में आरंभ हो रहे नए मेडिकल कॉलेजों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री जे.पी. नड्डा के जबलपुर प्रवास के दौरान भारत सरकार के सहयोग से निर्मित प्रदेश के दो मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली का लोकार्पण किया गया। केन्द्रीय मंत्री द्वारा इन कॉलेज के लिए 100-100 मेडिकल सीट का स्वीकृति-पत्र प्रदान किया। वर्तमान में प्रदेश में शासकीय मेडिकल कॉलेज की संख्या 19 हो गई है, पहले यह संख्या 17 थी। वर्तमान में प्रदेश में 2575 एमबीबीएस सीट और 1357 पी.जी. सीट हैं। प्रदेश सरकार के नवाचार के रूप में पीपीपी आधार पर मेडिकल कॉलेज के निर्माण की योजना के क्रम में चार मेडिकल कॉलेज-कटनी,धार, बैतूल और पन्ना के अनुबंध का निष्पादन किया गया। आगामी एक वर्ष में ये चार कॉलेज शिक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन और तीर्थाटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 27 अगस्त को उज्जैन में ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। यह कॉन्क्लेव केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां हम अपनी समृद्ध संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश से कई आध्यात्मिक गुरु, विचारक सहित 300 से अधिक गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। इसमें कॉर्पोरेट आतिथ्य क्षेत्र के दिग्गज, बड़े मंदिर ट्रस्टों के अधिकारी, तकनीकि नवाचार कर्ता शामिल होंगे। इसमें देश के सभी प्रमुख मठ -मंदिरों और तीर्थों के प्रबंधन व ट्रस्टीज़ को आमंत्रित किया गया है । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन 29 और 30 अगस्त को ग्वालियर में किया जा रहा है। इससे मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और ग्वालियर- चंबल एवं सागर संभाग में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यह क्षेत्र औद्योगिक और आर्थिक विकास का एक नया केंद्र बनेगा। इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश के 500 से अधिक प्रमुख पर्यटन विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और उद्योगपति शामिल होंगे।

10 हजार का ईनामी आरोपी कालू मीणा गिरफ्तार

फायरिंग कांड में शामिल था, जीरन पुलिस को मिली सफलता

जीरन पुलिस और साइबर सेल नीमच की संयुक्त टीम ने रविवार को 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी कारूलाल मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। कारूलाल प्रतापगढ़ जिले के धोलापानी का निवासी है। मला 3 जुलाई 2025 का है। दशरथ सिंह ने जीरन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। रात साढ़े बारह बजे सुनील मीणा, उसका भाई ओमप्रकाश उर्फ गुड्डा, घनश्याम और कारूलाल उनके घर पहुंचे। मुखबिरी की रंजिश के कारण उन्होंने दशरथ सिंह पर गोली चलाई। दशरथ सिंह घर में भागकर घुसे। आरोपियों ने गाड़ी से गेट तोड़ दिया। सुनील और ओमप्रकाश कट्टे लेकर घर में घुस गए। उन्होंने दशरथ सिंह और उनके परिवार पर फायरिंग की।

पुलिस को देखकर था आरोपी

एसपी अंकित जायसवाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की। फरार आरोपियों पर 10 हजार का इनाम रखा गया। 23 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कारूलाल के घर दबिश दी। वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में कारूलाल ने अपना जुर्म स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर 32 बोर की देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी को नीमच न्यायालय में पेश किया गया है।

सागर में जीतू पटवारी के बयान पर बीजेपी महिला मोर्चा का विरोध, चप्पलों से पीटा पुतला

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के हालिया बयान से राजनीति बवाल खड़ा हो गया है. पटवारी ने कहा था कि राज्य में महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पी रही हैं और ड्रग्स का कारोबार भी यहां तेजी से फैल रहा है. इस बयान से नाराज बीजेपी महिला मोर्चा ने मंगलवार को सागर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया.

महिलाओं ने किया पुतला दहन

सागर में जुटीं बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला जलाया. गुस्साई महिलाओं ने पटवारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतले को चप्पलों से पीटते हुए कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ भी नारे लगाए. महिला मोर्चा का कहना था कि पटवारी का बयान महिलाओं का अपमान है और कांग्रेस की महिलाओं को लेकर सोच साफ तौर पर सामने आ गई है. दरअसल, जीतू पटवारी ने एक कार्यक्रम के दौरान राज्य की मौजूदा हालात पर बोलते हुए कहा था, "आज का युवा नशाखोरी कर रहा है तो इसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री मोहन यादव की है. वर्तमान में राज्य में महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पी रही हैं,

संगठित होकर कार्य करने से बनता है इतिहास : मुख्यमंत्री डॉ यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जो समाज संगठित होकर कार्य करता है, वह इतिहास बनाता है। कीर समाज को भगवान श्रीराम की चरण रज प्राप्त हुई और समाज बंधुओं ने भगवान श्रीराम को भवसागर पार करवाया। उस समाज ने बदले में भगवान श्रीराम से कुछ नहीं मांगा। बस जीवन की वैतरणी पार करने का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कीर समाज की एक राज्य स्तरीय पंचायत शीघ्र ही राजधानी में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास से उज्जैन में हुए कीर समाज के महासम्मेलन को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कीर समाज ने भगवान श्रीराम को मनुष्य के बजाय भगवान के रूप में पहचाना था। आज समाज प्रगति के मार्ग पर है। शिक्षा के प्रसार और नशा मुक्ति जैसे रचनात्मक कार्यों से समाज जुड़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे जीवन में मुख्यमंत्री के रूप में प्राप्त सेवा के इस अवसर का श्रेय कीर समाज सहित ऐसे सभी समाज बंधुओं के आशीर्वाद को देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार अधोसंरचना विकास और शिक्षा के प्रोत्साहन के कार्य कर रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)